## संघ और उसके राज्य क्षेत्र

1. भारत एक है–
(अ) संघ राज्य (ब) राज्यों का संघ
(स) प्रान्तों का संघ (द) एक राज्य इकाई
उत्तर : (ब)

2. भारतीय संविधान के अनुच्छेद I में यह घोषणा की गई है कि इंडिया अर्थात् भारत है–
(अ) राज्यों का संघ
(ब) एकात्मक विशिष्टताओं वाला संघीय राज्य
(स) संघीय विशिष्टताओं वाला संघीय राज्य
(द) संघीय राज्य
उत्तर : (अ) SSC 2013

3. भारत का संविधान भारत को कैसे वर्णित करता है ?
(अ) राज्यमंडल (ब) राज्यों का संघ
(स) महासंघ (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब) SSC 2002

4. आन्ध्र प्रदेश एक भाषाई राज्य के रूप में गठित किया गया–
(अ) 1950 में (ब) 1953 में
(स) 1956 में (द) 1961 में
उत्तर : (ब) UPPCS 2009

5. भारतीय संघ में किसी राज्य को सम्मिलित करने का अधिकार किसे है ?
(अ) राष्ट्रपति (ब) प्रधानमंत्री
(स) संसद (द) लोकसभाध्यक्ष
उत्तर : (स)

6. किसी राज्य के नाम में परिवर्तन करने का अधिकार निम्नलिखित में से किसको प्राप्त है ?
(अ) राष्ट्रपति को
(ब) संसद को
(स) सम्बन्धित राज्य के विधानमंडल को
(द) सम्बन्धित राज्य के राज्यपाल को
उत्तर : (ब)

7. नए राज्य के गठन अथवा सीमा में परिवर्तन करने का अधिकार किसको है ?
(अ) प्रधानमंत्री को (ब) मंत्रिमंडल को
(स) राष्ट्रपति को (द) संसद को
उत्तर : (द)

8. निम्नलिखित में से कौन किसी राज्य का क्षेत्र घटा या बढ़ा सकता है ?
(अ) राष्ट्रपति (ब) संसद
(स) प्रधानमंत्री (द) क्षेत्रीय परिषद्
उत्तर : (ब)

9. संविधान के प्रवर्तन के समय राज्यों को चार श्रेणियों (अ, ब, स एवं द) में बाँटा गया था। इन श्रेणियों को किस वर्ष समाप्त किया गया ?
(अ) 1951 में (ब) 1954 में
(स) 1956 में (द) 1962 में
उत्तर : (स)

10. राज्यों में पुनर्गठन सम्बन्धी विधेयक को संसद में प्रस्तुत करने से पूर्व किसकी सहमति प्राप्त करना आवश्यक होता है ?
(अ) संबंधित राज्य के विधानमंडल को
(ब) संबंधित राज्य के राज्यपाल को
(स) राष्ट्रपति को
(द) राज्यसभा को
उत्तर : (स)

11. अन्य रजवाड़ों के भारत में विलय के बाद भी किन तीन राज्यों को भारत में शामिल होना विलम्बित किया ?
(अ) जूनागढ़, मैसूर एवं जम्मू–कश्मीर
(ब) जूनागढ़, हैदराबाद एवं जम्मू–कश्मीर
(स) उदयपुर, कपूरथला एवं जम्मू–कश्मीर
(द) हैदराबाद, उदयपुर एवं ट्रावणकोर
उत्तर : (ब) UPPCS 1998

12. 500 से अधिक रजवाड़ों (देशी रियासतों) के भारत में विलय के लिए कौन उत्तरदायी था ?
(अ) के.एम. मुंशी
(ब) बी.आर. अम्बेडकर
(स) सरदार वल्लभ भाई पटेल
(द) सरदार बलदेव सिंह
उत्तर : (स) RRB 2005

13. निम्नलिखित जोड़ों में से किसने देशी रियासतों को भारतीय संघ का अंग बनाने में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका अदा की ?
(अ) सरदार पटेल एवं जवाहर लाल नेहरू
(ब) सरदार पटेल और वी.पी. मेनन
(स) सरदार पटेल और महात्मा गांधी
(द) सरदार पटेल और के.एम. मुंशी
उत्तर : (ब) SSC 2002

14. भाषा के आधार पर राज्यों का पुनर्गठन किस वर्ष किया गया ?
(अ) 1956 (ब) 1952
(स) 1950 (द) 1951
उत्तर : (अ)

15. भाषाई आधार पर भारत में पहला राज्य कौन बनाया गया ?
(अ) केरल (ब) तमिलानाडु
(स) आंध्रप्रदेश (द) महाराष्ट्र
उत्तर : (स) SSC 2013

16. मूल संविधान में राज्यों को चार अलग–अलग प्रवर्गों को समाप्त करने के लिए किसकी अध्यक्षता में राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन किया गया ?
(अ) फजल अली (ब) के.एम. पाणिक्कर
(स) एच.एन. कुंजरू (द) पी. श्रीरामुलु
उत्तर : (अ)

17. मूल संविधान में राज्यों को कितने वर्गों में रखा गया था ?
(अ) 1 (ब) 2
(स) 3 (द) 4
उत्तर : (द)

18. भारत संघ में कितने राज्य हैं ?
(अ) 27 (ब) 30
(स) 28 (द) 29
उत्तर : (स)

19. राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन किस वर्ष किया गया था ?
(अ) 1950 में (ब) 1951 में
(स) 1952 में (द) 1953 में
उत्तर : (द)

20. सर्वप्रथम भाषा के आधार पर आन्ध्र प्रदेश राज्य का गठन 1953 ई. में हुआ था। इसके पूर्व वहाँ एक आन्दोलन हुआ था। इस आन्दोलन में किसकी मृत्यु हो गई थी ?
(अ) जाग्यार श्रीरामुलु (ब) आदित्यन श्रीरामुलु
(स) पोट्टी श्रीरामुलु (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

21. मूल संविधान में राज्यों को चार अलग–अलग प्रवर्गों को समाप्त करने के लिए किसकी अध्यक्षता में राज्य पुनर्गठन आयोग का गठन किया गया ?
(अ) फजल अली (ब) के.एम. पाणिक्कर
(स) एच.एन. कुरू (द) पी. श्रीरामुलु
उत्तर : (अ)

22. किसी राज्य से कोई क्षेत्र पृथक करने अथवा दो या दो से अधिक राज्यों को मिलाकर या किसी राज्य क्षेत्र को किसी राज्य के साथ मिलाकर नये राज्य का निर्माण कौन कर सकता है ?
(अ) राष्ट्रपति (ब) संसद
(स) क्षेत्रीय परिषद् (द) संबंधित राज्य
उत्तर : (ब)

23. संविधान के प्रथम अनुच्छेद के अनुसार भारत है–
(अ) राज्यों का समूह
(ब) राज्यों का फेडरेशन
(स) राज्यों का कन्फेडरेशन
(द) राज्यों का यूनियन
उत्तर : (द) UPPCS 2008

24. भारत में एक नया राज्य सृजित करने वाले विधेयक को पारित होना अनिवार्य है–
(अ) संसद में साधारण बहुमत तथा कम से कम दो तिहाई राज्यों के अनुसमर्थन द्वारा
(ब) संसद में साधारण बहुमत द्वारा
(स) संसद में दो तिहाई बहुमत तथा कम से कम दो तिहाई राज्यों के अनुसमर्थन द्वारा
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (ब) UPPCS 2016

25. नीचे दिए गये राज्यों का भारत संघ के सम्पूर्ण राज्य का दर्जा प्राप्त होने का सही कालानुक्रम कौन सा है ?
(अ) सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, हरियाणा
(ब) नगालैंड, हरियाणा, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश
(स) सिक्किम, हरियाणा, नगालैंड, अरुणाचल प्रदेश
(द) नगालैंड, अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, हरियाणा
उत्तर : (ब) IAS 2007

26. मध्य प्रदेश राज्य का गठन कब हुआ था ?
(अ) 1 नवम्बर, 1959 (ब) 1 सितम्बर, 1956
(स) 1 नवम्बर, 1956 (द) 1 सितम्बर, 1951
उत्तर : (स) SSC 2007

27. भाषागत आधार पर राज्यों के पुनर्गठन के लिए भारत सरकार ने दिसम्बर, 1953 ई. में 'राज्य पुनर्गठन आयोग' की नियुक्ति की थी, जिसकी रिपोर्ट के आधार 1956 ई. में 'राज्य पुनर्गठन अधिनियम' संसद ने पारित किया था। इस आयोग के अध्यक्ष थे–
(अ) जस्टिस फजल अली
(ब) जस्टिस एम.पी. छागला
(स) गुलजारी लाल नंदा
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

28. राज्य पुनर्गठन अधिनियम कब पारित किया गया ?
(अ) 1950 ई. (ब) 1952 ई.
(स) 1956 ई. (द) 1959 ई.
उत्तर : (स)

29. 1956 में राज्यों का पुनर्गठन करने से–
(अ) 17 राज्य और 6 संघ राज्य क्षेत्र बने
(ब) 17 राज्य और 9 संघ राज्य क्षेत्र बने
(स) 14 राज्य और 6 संध राज्य क्षेत्र बने
(द) 15 राज्य और 9 संघ राज्य क्षेत्र बने
उत्तर : (स) MPPSC 2003

30. निम्नलिखित में से किस वर्ष सिक्किम को राज्य का दर्जा दिया गया था ?
(अ) 1973 में (ब) 1974 में
(स) 1975 में (द) 1976 में
उत्तर : (स) SSC 2002

31. निम्नलिखित में कौन एक संघ शासित प्रदेश नहीं है ?
(अ) लक्षद्वीप
(ब) दादरा एवं नगर हवेली
(स) पुदुचेरी
(द) नागालैंड
उत्तर : (द)

32. निम्नलिखित में से कौन भारत का एक केन्द्रशासित प्रदेश नहीं है ?
(अ) चंडीगढ़ (ब) त्रिपुरा
(स) पुडुचेरी (द) लक्षद्वीप
उत्तर : (ब) RRB 2003

33. पुडुचेरी को किस वर्ष भारतीय संघ में सम्मिलित किया गया है ?
(अ) 1956 (ब) 1959
(स) 1962 (द) 1963
उत्तर : (स)

34. किस वर्ष गोवा सहित अन्य पुर्तगाली बस्तियों को भारतीय संघ का राज्य क्षेत्र बनाया गया ?
(अ) 1960 (ब) 1961
(स) 1963 (द) 1965
उत्तर : (ब)

35. संविधान लागू होने के पश्चात् निम्न में से कौन भारतीय संघ का एक आरक्षित राज्य था ?
(अ) दादरा एवं नागर हवेली
(ब) लक्षद्वीप समूह
(स) अंडमान निकोबार द्वीप समूह
(द) सिक्किम
उत्तर : (द)

36. सिक्किम को किस वर्ष भारतीय संघ में सहयुक्त राज्य के रूप में शामिल किया गया ?
(अ) 1971 में (ब) 1972 में
(स) 1974 में (द) 1975 में
उत्तर : (स)

37. हिमाचल प्रदेश को राज्य का दर्जा प्रदान किया गया–
(अ) 1956 में (ब) 1967 में
(स) 1971 में (द) 1975 में
उत्तर : (स)

38. किस संवैधानिक संशोधन के अंतर्गत सिक्किम को भारत का एक सहराज्य बनाया गया ?
(अ) 30वाँ संशोधन (ब) 35वाँ संशोधन
(स) 36वाँ संशोधन (द) 42वाँ संशोधन
उत्तर : (ब)

39. किस आयोग की अनुशंसा के आधार पर पंजाब पुनर्गठन अधिनियम द्वारा पंजाब और हरियाणा राज्य गठित किये गए ?
(अ) धर आयोग (ब) दास आयोग
(स) शाह आयोग (द) महाजन आयोग
उत्तर : (अ)

40. निम्नलिखित में से 35वें संविधान संशोधन द्वारा किस वर्ष सिक्किम को सह–राज्य का दर्जा दिया गया था ?
(अ) 1973 (ब) 1974
(स) 1975 (द) 1976
उत्तर : (ब)

41. निम्नलिखित में से 36वें संविधान संशोधन द्वारा किस वर्ष सिक्किम को पूर्ण राज्य का दर्जा दिया गया था ?
(अ) 1973 (ब) 1974
(स) 1975 (द) 1976
उत्तर : (स)

42. भारतीय संघ में सम्मिलित किया गया 29वाँ राज्य है–
(अ) छत्तीसगढ़ (ब) झारखंड
(स) उत्तराखंड (द) तेलंगाना
उत्तर : (द)

43. पुडुचेरी को किस वर्ष भारतीय संघ में सम्मिलित किया गया ?
(अ) 1956 (ब) 1959
(स) 1962 (द) 1963
उत्तर : (स)

44. किस वर्ष गोवा सहित अन्य पुर्तगाली बस्तियों को भारतीय संघ का राज्य क्षेत्र बनाया गया ?
(अ) 1960 (ब) 1961
(स) 1963 (द) 1965
उत्तर : (ब)

45. झारखंड राज्य का गठन कब हुआ ?
(अ) 1 नवम्बर, 2000 (ब) 9 नवम्बर, 2000
(स) 15 नवम्बर, 2000 (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (स)

46. सिक्किम भारत का 22वाँ राज्य किस संविधान संशोधन द्वारा बना ?
(अ) 42वें संशोधन (ब) 40वें संशोधन
(स) 39वें संशोधन (द) 36वें संशोधन
उत्तर : (द)

47. एक भारतीय राज्य के रूप में बिहार बना–
(अ) 1911 में (ब) 1912 में
(स) 1936 में (द) 2000 में
उत्तर : (ब) SSC 2008

www.rajstudents.com